षोडश बिहार विधान सभा

नवम् सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-01 सोमवार, दिनांक- 26 फरवरी, 2018 ई० ।

माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.50 बजे अप० तक ।

[1] अध्यक्ष द्वारा प्रारम्भिक सम्बोधन :- (यथा संलग्न)

[2] अध्यक्ष द्वारा दी गई आवश्यक सूचना :-

आसन द्वारा सदन को सूचना दी गई कि षोडश बिहार विधान सभा के माननीय सदस्य, श्री सरफराज आलम, क्षेत्र संख्या-50, जोकीहाट ने दिनांक 10.02.2018 के अप० में सदन से अपने स्थान का त्याग कर दिया है ।

[3] महामहिम राज्यपाल का संदेश :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने महामहिम राज्यपाल से प्राप्त संदेश से सदन को अवगत कराया- ''भारत के संविधान के अनुच्छेद 176 के खण्ड (1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं, सत्य पाल मलिक, बिहार का राज्यपाल, एतद् द्वारा एक साथ समवेत बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों को, दिनांक 26 फरवरी, 2018 को 11.30 बजे पूर्वाह्न में सम्बोधित करना चाहता हूँ और बिहार विधान सभा वेश्म, पटना में सदस्यों की उपस्थिति चाहता हूँ ।

पटना ह०/- सत्य पाल मलिक

दिनांक-23 जनवरी, 2018 राज्यपाल, बिहार ।''

तदुपरांत माननीय अध्यक्ष महोदय सभा की अनुमति से महामहिम राज्यपाल का स्वागत कर सदन में बुलाने के लिए सदन से बाहर गए । इस दौरान सभा में बिहार विधान परिषद के माननीय सदस्यगण आए । इस बार माननीय अध्यक्ष एवं माननीय सभापति के साथ माननीय मुख्यमंत्री एवं माननीय मंत्री, संसदीय कार्य विभाग भी महामहिम राज्यपाल की शोभायात्रा में शामिल होकर सदन में आये तथा उनके आसन ग्रहण करने के पूर्व राष्ट्रीय धुन बजाया गया ।

महामहिम राज्यपाल ने दोनों सदनों के सदस्यों को सम्बोधित किया ।

महामहिम राज्यपाल महोदय के भाषण की समाप्ति के पश्चात् पुनः राष्ट्रीय धुन बजाया गया । इसके बाद माननीय अध्यक्ष महोदय तथा माननीय सभापति महोदय, बिहार विधान परिषद्, महामहिम राज्यपाल महोदय को सदन से बाहर तक विदा करने गए । इस दौरान बिहार विधान परिषद् के माननीय सदस्यगण सदन से वापस गए ।

महामहिम राज्यपाल महोदय को विदा करने के पश्चात् माननीय अध्यक्ष महोदय ने पुनः आसन ग्रहण किया ।

[4] **अध्यासी सदस्यों का मनोनयन :-**

माननीय अध्यक्ष महोदय ने षोडश बिहार विधान सभा के नवम् सत्र के लिए निम्नांकित माननीय सभासदों को अध्यासी सदस्य मनोनीत किया :-

(i) श्री हरिनारायण सिंह
(ii) श्री मोहम्मद इलियास हुसैन
(iii) श्री तार किशोर प्रसाद
(iv) श्री (डा०) अशोक कुमार
(v) श्रीमती रंजू गीता

[5] **कार्यमंत्रणा समिति का गठन :-**

माननीय अध्यक्ष महोदय ने षोडश बिहार विधान सभा के नवम् सत्र के लिए निम्न प्रकार कार्य मंत्रणा समिति का गठन किया :-

(i)	अध्यक्ष, बिहार विधान सभा	सभापति
(ii)	श्री नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री	सदस्य
(iii)	श्री सुशील कुमार मोदी, उप मुख्यमंत्री	सदस्य
(iv)	श्री श्रवण कुमार, मंत्री, संसदीय कार्य	सदस्य
(v)	श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव, मंत्री, ऊर्जा	सदस्य
(vi)	श्री प्रेम कुमार, मंत्री, कृषि	सदस्य
(vii)	श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, नेता, विरोधी दल	सदस्य
(viii)	श्री सदानन्द सिंह, स०वि०स०	सदस्य

विशेष आमंत्रित सदस्य

(i) श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी, स०वि०स०
(ii) श्री महबूब आलम, स०वि०स०
(iii). श्री सुधांशु शेखर, स०वि०स०
(iv) श्री राजू तिवारी, स०वि०स०

नियमानुसार अध्यक्ष, इस समिति के सभापति एवं सभा सचिव इसके सचिव होंगे ।

[6] **कार्यमंत्रणा समिति की बैठक :-**

आसन से घोषणा की गयी कि सदन की बैठक समाप्ति के तुरंत बाद उनके कार्यालय कक्ष में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक होगी ।

[7] **आर्थिक सर्वेक्षण का उपस्थापन :-**

माननीय प्रभारी मंत्री, श्री सुशील कुमार मोदी द्वारा वर्ष 2017-18 के आर्थिक सर्वेक्षण की प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

[8] अनुमत विधेयकों का विवरण सभा पटल पर रखा जाना :-

सभा सचिव द्वारा बिहार विधान सभा में उद्भूत तथा बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों द्वारा यथापारित विधेयक के विवरण को सभा पटल पर रखा गया ।

	विधेयक का नाम	अनुमति की तिथि
(i)	बिहार कृषि बाजार प्रांगण भूमि अंतरण विधेयक, 2017	08.12.2017
(ii)	बिहार विनियोग (संख्या-4) विधेयक, 2017	08.12.2017
(iii)	बिहार विशेष सुरक्षा दल (संशोधन) विधेयक, 2017	13.12.2017

[9] शोक प्रकाश :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने निम्नांकित जननायकों के निधन पर शोक प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की चिर शांति एवं शोकाकुल परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की ।

(i) स्व० देवनाथ प्रसाद, पूर्व सदस्य तथा बिहार सरकार के पूर्व राज्यमंत्री
(ii) स्व० जलालुद्दीन अंसारी, पूर्व राज्य सभा सदस्य
(iii) स्व० जयमंगल सिंह, पूर्व स०वि०प०
(iv) स्व० शाहिद अली खान, पूर्व सदस्य एवं पूर्व मंत्री बिहार सरकार
(v) स्व० सत्येन्द्र नारायण सिंह, स०वि०प०
(vi) स्व० रघुनाथ झा, लोक सभा एवं विधान सभा सदस्य तथा पूर्व मंत्री, भारत सरकार एवं बिहार सरकार
(vii) स्व० अवध कुमार सिंह, पूर्व स०वि०प०
(viii) स्व० रधाकांत यादव, पूर्व० स०वि०स०

तदुपरांत सभी माननीय सदस्यों ने एक मिनट मौन खड़े होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की ।

माननीय अध्यक्ष महोदय ने निदेश दिया कि शोक संवेदना सम्बन्धित शोकाकुल परिवारों के पास मेरे एवं सदन की ओर से भेज दिया जाय ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक मंगलवार, दिनांक-27 फरवरी, 2018 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-26.02.2018

राम श्रेष्ठ राय
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।